>

Title: Regarding alleged scam in Gas project in Gujarat.

श्री संजय निरुपम (मुम्बई उत्तर): सभापति महोदय, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने की अनुमति दी। देश में गैस के कुंओं की खुदाई के नाम पर जो घोटाले हो रहे हैं, उन घोटालों पर प्रकाश डालने वाली एक विस्तृत जानकारी इस देश की एक महत्वपूर्ण वीकली ने प्रकाशित की है कि प्रदेश की सरकार का इसमें इन्वाल्वमैंट है। वे अक्सर दावा करते हैं --मी खातो न थी, अनी खावा नूं देतो न थी। इसका मतलब यह है कि मैं खाता नहीं हूं और खाने भी नहीं देता हूं।...(व्यवधान)

13.00 hrs

MR. CHAIRMAN : Only Shri Sanjay Nirupam's statement will go on record. Nothing else will go on record.

*(Interruptions)** â€¦*

श्री संजय निरुपम : लेकिन गुजरात की सरकार ने जीएसपीसी, गुजरात स्टेट पेट्रोलियम कारपोरेशन के माध्यम से केजी बेसिन में 20,000 करोड़ रुपये का एक प्रोजेक्ट बनाया और बाराबडोस, जो एक टैक्स हैवेन्स है जो फर्जी कंपनियों के रजिस्ट्रेशन के लिए जानी जाने वाली जगह है, उस जगह पर रजिस्टर्ड एक फर्जी कंपनी को दस प्रतिशत का स्टेक दिया, उसके साथ ज्वाइंट वेंचर किया। दस प्रतिशत स्टेक देने के बाद उस कंपनी को कहा गया कि आप अपना हिस्सा इसमें डालिए, उस कंपनी ने नहीं डाला। गुजरात सरकार ने स्वयं 20,000 करोड़ रुपये का जो दस प्रतिशत हिस्सा होता है - 2000 करोड़ रुपये, अपनी तरफ से डाले। वह कंपनी वन-मैन्ड कंपनी, सिंगल-मैन्ड कंपनी है, उस कंपनी से गुजरात सरकार का,...(व्यवधान) रिश्ता क्या है, इसकी जांच होनी चाहिए। उस कंपनी के साथ जो घोटाला हुआ, इसकी सीबीआई से जांच होनी चाहिए, यह हमारी मांग है। गुजरात सरकार के लोग, गुजरात सरकार और बीजेपी के लोग कहते हैं कि हमारा चेहरा दूध का धुला है, लेकिन यह दूध का धुला नहीं, गैस के कुएं में पूरा चेहरा काला हुआ पड़ा है। बीजेपी के ऐसे काले चेहरे की जांच होनी चाहिए। सीबीआई से जांच कराने की मांग मैं आपके माध्यम से सरकार से कर रहा हूं। धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN:

Dr. Vinay Kumar Pandey is allowed to associate with the issue raised by Shri Sanjay Nirupam.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: The House stands adjourned to meet again at 2 p.m.

13.02 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.